Click to view previous circular no.5332 Dated 01-02-2014

पत्रांक ।।98/आयु0करउत्तरा0 /UDAAN-C/प0–196/2014–15

कार्यालय आयुक्त कर, उत्तराखण्ड
(आई0टी0–अनुभाग)
देहरादून : : दिनांकः18 जून, 2014

## // परिपत्र //

(ऑनलाईन जनरेटेड फार्म–सी के सम्बन्ध में संशोधित परिपत्र)

आप सभी अवगत हैं कि विभाग द्वारा समस्त व्यापारियों को ऑनलाईन रूप से फार्म–सी जनरेट किये जाने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। यह तथ्य संज्ञान में आने पर कि एनेक्सजर–17 सी में त्रुटिपूर्ण डाटा अंकित हो जाने के कारण कुछ व्यापारियों द्वारा जनरेट किये गये फार्म–सी में त्रुटियां रह गयी हैं, समस्त कर निर्धारण अधिकारियों को ऐसे फार्म–सी में संशोधन किये जाने के संबध में एक यूटिलिटी उपलब्ध करायी गयी थी जिसके संबंध में परिपत्र सं0 5332 दिनांक 01 फरवरी, 2014 द्वारा मार्गदर्शन/निर्देश जारी किये गये थे। किन्तु उक्त यूटिलिटी में विक्रेता व्यापारी के टिन, बिल मूल्य अथवा फार्म–सी की धनराशि में संशोधन किये जाने की सुविधा उपलब्ध नही करायी गयी थी जिसके संबध में पृथक से परिपत्र जारी करने का उल्लेख किया गया था। इसी क्रम में अब समस्त कर निर्धारण अधिकारियों को त्रुटिपूर्ण फार्म–सी में **विक्रेता व्यापारी का टिन, बिल मूल्य अथवा फार्म–सी की धनराशि सहित अन्य समस्त आवश्यक संशोधन किये जाने हेतु यूटिलिटी तैयार कर ली गयी है** जिसे CT Application के ऑफीसर अकाउण्ट में Statutory Form C के अन्तर्गत Form-C option के भीतर पहले से उपलब्ध Amendment in Form C लिंक पर update किया जा चुका है। फार्म–सी में संशोधन की प्रकिया पूर्व में जारी परिपत्र के अनुसार ही रहेगी। नयी यूटिलिटी के संबंध में मुख्य बिन्दु निम्न प्रकार हैं–

1. इसके अन्तर्गत जनरेटेड फार्म–सी के त्रैमास, विक्रेता व्यापारी के टिन, बिल मूल्य अथवा फार्म–'सी' की धनराशि में संशोधन किये जाने की सुविधा दी गयी है।
2. इसका उपयोग करके जनरेटेड फार्म–सी में अंकित सम्व्यवहारों में नया सम्व्यवहार जोड़ा अथवा कम (Add or Delete) किया जा सकता है। फार्म–सी की धनराशि तद्नुसार ही परिवर्तित हो जायेगी।
3. विक्रेता व्यापारी का टिन अंकित करने में हुई त्रुटि के कारण यदि किसी एक विक्रेता व्यापारी हेतु एक ही त्रैमास में एक से अधिक फार्म–सी जनरेट हो गये हों तो सभी फार्म–सी को इस यूटिलिटी द्वारा एक फार्म–सी में merge भी किया जा सकता है।
4. जनरेटेड फार्म–सी में कोई भी परिवर्तन/संशोधन करते ही इस सॉफटवेयर द्वारा व्यापारी का एनेक्सजर–17 सी व रिटर्न तद्नुसार automatically update कर दी जाती है।

–क्रमशः–2

